## सभा में उपस्थित नहीं हुए सांसद

**करौली ( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय पर आयोजित नामांकन सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे मगर क्षेत्रीय सांसद रहे डॉ मनोज राजोरिया के उपस्थित नहीं रहने से लोगों में चर्चा का विषय बना रहा करौली धौलपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बनने के लिए करीब 50 से अधिक लोग टिकट की लाइन में लगे हुए थे जिनमें दो बार से सांसद रहे डॉ मनोज राजोरिया प्रमुख रूप से कतार में थे लेकिन बीजेपी शीर्ष नेतृत्व ने उनका एन वक्त पर टिकट काटकर करौली पंचायत समिति की प्रधान रही इंदुदेवी को प्रत्याशी घोषित कर दिया। जिन्होंने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया और कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित जैन नसिया में आयोजित नामांकन सभा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम के अलावा करौली धौलपुर क्षेत्र से विधायक एवं पूर्व विधायक सहित भाजपा के पूर्व एवं वर्तमान जिला अध्यक्षों के अलावा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

मगर क्षेत्रीय सांसद डॉ. मनोज राजोरिया के उपस्थित नहीं रहने से लोगों में वह चर्चा का विषय बने रहे लोगों का कहना था कि टिकट नहीं मिला तो कोई बात नहीं लेकिन जिसको टिकट मिला है उसके पक्ष में कार्यक्रम में आना चाहिए था।

# मुख्यमंत्री ने की भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील

■ करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने संबोधित किया



करौली के जैन नसिया में आयोजित नामांकन सभा के दौरान उपस्थित मुख्यमंत्री व पार्टी पदाधिकारी।

**करौली ( नि.स. )** लोकसभा चुनाव में करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी इंदु जाटव के पक्ष में मतदान की अपील की। साथ ही कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को दोपहर 2:30 बजे हैलीकाप्टर से राजकीय महाविद्यालय स्थित हैलीपैड पर पहुचे जहा करौली विद्यायक दर्षन सिंह,सपोटरा विद्यायक हंसराज मीना, जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया सहित कई अन्य भाजपा पदाधिकारियो ने उनका स्वागत किया। इसके पश्चात भाजपा प्रत्याषी इंदुदेवी की कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित जैन नसिया प्रांगण में आयोजित नामांकन सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आरोप लगाया की कांग्रेस ने तुष्टीकरण को बढ़ावा दिया है और गरीबी हटाने का नारा देने के बाद भी गरीबी हटाने की दिशा में काम नहीं किया।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर दलितों पर अत्याचार करने और करौली क्षेत्र के लिए थोथी घोषणा करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने क्षेत्र के लिए कई योजनाओं की घोषणा की। लेकिन उन योजनाओं को अभी तक स्वीकृति प्रदान नहीं की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा वह किया। भाजपा सरकार ने अपने वायदों को संकल्प पत्र में केवल 90 दिन में 40 से 45 प्रतिशत काम पूरा कर लिया। ईआरसीपी की स्वीकृति के लिए काम किया। यमुना जल समझौता किया और ईआरसीपी को स्वीकृति प्रदान की है। जल्दी ही ईआरसीपी का काम शुरू होगा। जिससे आने वाले सालों में क्षेत्र की पेयजल समस्या का पूरी तरह समाधान होगा।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 1 लाख 65 हजार करोड़ के बिजली समझौते को पूरा किया है। जिससे आने वाले समय में किसानों को दिन में बिजली मिलेगी।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि केवल भाजपा ही एक साधारण कार्यकर्ता को अपना प्रत्याशी बना सकती है। भाजपा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव ने कहा कि वह हमेशा क्षेत्र की जनता के भले के लिए काम करेंगी। उन्होंने शिक्षा,चिकित्सा सहित रेल परियोजना के काम को पूरा करने पहली प्राथमिकता बताया।

इससे पूर्व भरतपुर संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच, संभाग सह प्रभारी सोमकांत शर्मा, करौली प्रभारी सत्य प्रकाश, करौली धौलपुर लोकसभा प्रभारी और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम, गंगापुर के पूर्व विधायक मानसिंह, हिंडौन की पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, राजाखेड़ा से विधायक प्रत्याशी रही नीरजा शर्मा, धौलपुर भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर,करौली की पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी, करौली धौलपुर लोकसभा संयोजक शिवकुमार सैनी, जिला प्रभारी मानप्रकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा सहित कई पूर्व जिला अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को गदा, भगवान की तस्वीर व फूलो का हार से स्वागत करते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर प्रहार किये।

## सार-समाचार

### 4 अभ्यर्थियों द्वारा 5 नामांकन दाखिल किये

**भरतपुर ( निस )।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में नामांकन के अंतिम दिवस बुधवार को भरतपुर संसदीय क्षेत्र से 4 अभ्यर्थियों द्वारा 5 नामांकन दाखिल किये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि बुधवार को भरतपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 5 नामांकन दाखिल किये गये। जिनमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में रामस्वरूप ने, इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में संजना ने, भारतीय जवान किसान पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अनिता ने दो सैट, निर्दलीय पुष्पेन्द्र कुमार ने नामांकन दाखिल किया है। इस प्रकार नामांकन की अन्तिम तिथि तक संसदीय क्षेत्र में छः अभ्यर्थियों द्वारा सात नामांकन दाखिल किये गये हैं। भरतपुर में भाजपा के प्रत्याशी रामस्वरूप कोली पूरे उत्साह के साथ भाजपा के विधायकों, पूर्व विधायक एवं भाजपा पदाधिकारियों के साथ अपना नामांकन दाखिल करने के लिए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस मौके पर भाजपा के प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के साथ गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक जगत सिंह, विधायक डॉ शैलेष सिह, विधायक बहादुर सिंह कोली, जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, सुनील प्रधान, पूर्व विधायक विजय बंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष सतेन्द्र गोयल, भानुप्रताप सिंह राजावत सहित काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्ट्रेट पंहुचकर भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव को अपना नामांकन पत्र सौंपा नामांकन भरते समय भाजपा विधायक डॉ. शैलेष सिंह, जगत सिंह, मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी रहे मौजूद। इस मौके पर राज्यमंत्री जवाहर बेढम एवं अन्य विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से जीत की शुभकामनाएं दीं। नामांकन दाखिल करने के लिए कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी संजना जाटव कांग्रेस के पूर्व केबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा, योगेश सिंघल के साथ जिला कलेक्ट्रेट पंहुची।

### निर्वाचन संबंधी तैयारियों पर चर्चा की

**करौली( नि.स. )** लोकसभा चुनाव के लिए लोकसभा क्षेत्र करौली धौलपुर जिले में सामान्य पर्यवेक्षक एम हरि जवाहरलाल एवं व्यय पर्यवेक्षक तरुण कुमार को नियुक्त किया है। सामान्य व व्यय पर्यवेक्षकों ने बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष में निर्वाचन संबंधी तैयारियों पर चर्चा की और जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान और मतदान प्रतिशत में वृद्धि को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये। उनके द्वारा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नम्बर 07464-250813 एवं हेल्पलाईन 1950, सीविजिल, वीएचए, केवाईसी आदि एप्लिकेशन्स का जनसामान्य द्वारा प्रमुखता से उपयोग किये जाने का संदेश भी दिया। बैठक मे सामान्य पर्यवेक्षक से कमरा नम्बर 2 सर्किट हाउस,धौलपुर में एवं करौली के सर्किट हाउस मे कमरा कालीसिल मे संपर्क किया जा सकता है।पर्यवेक्षक के मोबाइल नम्बर 8890133628 है।कोई भी उम्मीदवार या राजनैतिक दल का प्रतिनिधि या कोई व्यक्ति उक्त नम्बर पर या पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ की ईमेल आईडी पर सम्पर्क कर सूचना दे सकता है या शिकायत कर सकता है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**करौली ( नि.स. )।** गत सप्ताह करौली शहर टाउन चौकी पुलिस प्रभारी महेश चंद शर्मा और कांस्टेबल के साथ मारपीट एवं जानलेवा हमले के कोतवाली पर दर्ज मुकदमे में पुलिस ने अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मुख्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। ज्ञात रहे की गत 20 मार्च को भूरसिंह गुर्जर उर्फ महेश गुर्जर पुत्र बाबूलाल गुर्जर निवासी जगतपुरा, मुस्कान उर्फ गीता, दीपक प्रजापत निवासी तीन दरवाजा करौली, नरसी प्रजापत निवासी तीन दरवाजा करौली स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से अवैध शराब भर कर ले जा रहे थे। मेला ग्राउंड से आगे सुनसान जंगल में महिला के साथ मारपीट करने लग गए जिस सूचना पर कोतवाली पुलिस जाप्ता के द्वारा जांच करने पर पुलिस जाप्ते के साथ लाठी, डंडों से मारपीट एवं राज्य कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोपियों में से पुलिस ने एक और आरोपी दीपक प्रजापत को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूर्व महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं मुख्य आरोपी पुलिस की तरफ से अभी दूर है।

### भाजपा की तैयारी बैठक आज

**गंगापुर सिटी।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र गंगापुर सिटी के चारों मंडलों वजीरपुर तलावडा गंगापुर ग्रामीण एवं गंगापुर शहर मंडलों के समस्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों जिला व मंडलों के समस्त पदाधिकारीयों विभिन्न प्रकोष्ठों मोर्चो के पदाधिकारी व समस्त कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक का आयोजन गुरूवार को दोपहर 2 बजे से विजय पैलेस में आयोजित की जायेगी। मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि विशेष संयुक्त बैठक में आगामी लोकसभा चुनावो के लेकर चर्चा की जायेगी। उक्त विशेष लोकसभा चुनाव तैयारी बैठक में भाजपा टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, चारों मंडलों के मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों, मोर्चों के कार्यकर्ता मोजूद रहेंगे।

### अध्यक्ष ने जताया विरोध

**गंगापुर सिटी।** खण्डेलवाल वैश्य महिला मण्डल की अध्यक्ष अंजना रावत ने अभी हाल ही में बनी महिला मण्डल कार्यकारिणी को असंवैधानिक अनुचित व गलत बताते हुए कार्यारिणी गठन का विरोध जताया है। महिला मण्डल अध्यक्ष अंजना रावत ने बताया कि मंत्री को कोई चुनाव से संबंधित कार्यवाही बिना अध्यक्ष व कार्यकारिणी की अनुमति से करने का अधिकार नहीं है। उन्होने बताया कि आगामी सत्र हेतु चुनाव प्रक्रिया खण्डेलवाल वैश्य समाज समिति के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अप्रेल माह में समाज की सभी महिला सदस्यो की सहभागिता से संपन्न करवाए जायेंगे। चुनावो की तिथी की घोषणा समाज समिति से विचार विमर्श के बाद की जायेगी।

### कांस्य पदक जीतने पर सम्मानित किया

**भरतपुर ( निस )।** 19 से 25 मार्च 2024 तक ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश में आयोजित थर्ड सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भरतपुर जिले की चंद्रवीर सिनसिनी की पुत्री कामिनी सिंह को 35 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतने पर भरतपुर जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने माल्यार्पण कर मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश स्थित शहीद विजय सिंह पथिक इंडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भरतपुर जिले से कामिनी के अलावा बालिका वर्ग में 33 किग्रा भार वर्ग में मुस्कान, 37 किग्रा भार वर्ग में ईशाना और बालक वर्ग में 40 किग्रा भार वर्ग में वरुण चाहर ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया वहीं भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ चेयरमैन डॉ. राकेश चाहर इस प्रतियोगिता में रिंग ऑफिशियल रैफरी-जज रहे। इस अवसर पर भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ सचिव डॉ- संदीप देशवाल, चंद्रवीर सिनसिनी, बॉक्सिंग कोच मनीषा चाहर, नीरज चाहर, के.के. बॉक्सिंग एकेडमी के कोच कृष्ण कुमार शर्मा, डॉ. राकेश चाहर, सेवानिवृत्ति कमांडेंट ओमबीर सिंह, राजू सिंह बावैन, निक्की, पूर्वी कुमारी, स्वीटी, हिमांशु, सोनू आदि मौजूद रहे।

### राजनती महरवाल बनी अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी ।** खण्डेलवाल वैश्य महिला मण्डल बैठक का आयोजन खण्डेलवाल धर्मशाला में किया गया। बैठक में सत्र 2024-25 के चुनावो को लेकर चर्चा की गई जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक मण्डल में कुशला खुटेटा, अध्यक्ष राजनती महरवाल, मंत्री अनिता मोदी, उपाध्यक्ष पद पर कौशल्या डंगायच, कोषाध्यक्ष उर्मिला डांस, सांस्कृतिक मंत्री अनीता पितलिया को निर्विरोध चुना गया। इस दौरान महिला मण्डल की मंजू टोडवाल, वर्षा नाटाणी, सुमन दुसाद, बबीता डांस, संगीता मानक बौहरा, आरती मानक बौहरा, निर्मला खारवाल सहित कई महिला सदस्य मोजूद थी

### नियंत्रण कक्ष स्थापित

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों मे अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा एवं अन्य अवसरों पर बाल विवाह किये जाने की संभावनाऐं रहती है। इस संबंध मे उन्होने बताया कि इस सामाजिक बुराई की रोकथाम हेतु कलेक्ट्रेट करौली मे स्थित एनआईसी के वीसी रूम में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उन्होने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 07464 251335 रहेगा। उन्होने नियंत्रण कक्ष की प्रभारी अधिकारी सहायक कलेक्टर प्रीति चक को नियुक्त कर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य को आवश्यक दिशा निर्देश दिये है।

## 4 प्रत्याशियो ने किये नामांकन दाखिल

**करौली ( नि.स. )।** 18वीं लोकसभा के लिए नामांकन के आखिरी दिन करौली-धौलपुर लोकसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी इंदुदेवी जाटव, कांग्रेस प्रत्याशी भजनलाल जाटव और बसपा प्रत्याशी विक्रम सिंह सहित निर्दलीय प्रत्याषी के रूप में रामखिलाडी धोवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। प्रथम चरण में करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र सहित राजस्थान की 12 सीट पर मतदान होगा।

नामांकन के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में भंवर विलास पैलेस में सभा का आयोजन किया गया। जबकि भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कलेक्ट्रेट के पास जैन नसिया में सभा आयोजित की गई। नामांकन दाखिल करने के लिए भाजपा प्रत्याशी इंदुदेवी जाटव के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,सपोटरा विधायक हंसराज मीणा, करौली विधायक दर्शन सिंह,करौली की पूर्व विधायक रोहिणी देवी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार कांग्रेस प्रत्याशी भजनलाल जाटव के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा, हिंडौन विधायक अनीता जाटव और टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे। बसेड़ी विधायक संजय जाटव भी साथ मौजूद रहे। बसपा प्रत्याशी विक्रम सिंह जाटव ने बसपा जिला अध्यक्ष जमनालाल जाटव और अन्य पदाधिकारियो के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा नामांकन पत्र दाखिल किया। वही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में करौली निवासी रामखिलाडी धोवी ने पर्चा दाखिल किया।

## होली मिलन समारोह आयोजन किया जायेगा

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर, धौलपुर व डीग जिले के निजी महाविद्यालयों के प्रबंधक भरतपुर मुख्यालय स्थित होटल ग्राण्ड सी.पी. में दो चरणों में करेंगे "चिन्तन मनन विचार गोष्ठी" एवं "होली मिलन समारोह"। समारोह के मुख्य अतिथि गृह राज्यमंत्री जबाहर सिहं बेढम होंगे। सोसायटी के अध्यक्ष डा. आलोक शर्मा ने बताया कि तीनों जिलों के निजी महाविद्यालयों के प्रबंधक गुरूवार को भरतपुर प्रथम चरण में विचार गोष्ठी का आयोजन करेंगे। जिसका विषय राष्ट्र निर्माण में निजी संस्थाओं की भूमिका एवं चुनौतियां होगा। विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता राष्टवादी चिन्तक एडवोकेट महेन्द्र सिंह मग्गो होंगे। द्वितीय चरण में होली मिलन समारोह का आयोजन गृह राज्यमंत्री जबाहर सिंह बेढम के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा।

## रिकार्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की

**भरतपुर।** भरतपुर में भाजपा के प्रत्याशी रामस्वरूप कोली पूरे उत्साह के साथ भाजपा के विधायकों, पूर्व विधायक एवं भाजपा पदाधिकारियों के साथ अपना नामांकन दाखिल करने के लिए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस मौके पर भाजपा के प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के साथ गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक जगत सिंह, विधायक डॉ शैलेष सिंह, विधायक बहादुर सिंह कोली, जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, सुनील प्रधान, पूर्व विधायक विजय बंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष सतेन्द्र गोयल, भानुप्रताप सिंह राजावत सहित काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्ट्रेट पंहुचकर भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव को अपना नामांकन पत्र सौंपा नामांकन भरते समय भाजपा विधायक डॉ शैलेष सिंह, जगत सिंह, मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी रहे मौजूद। इस मौके पर राज्यमंत्री जवाहर बेढम एवं अन्य विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से जीत की शुभकामनाएं दीं। नामांकन दाखिल करने के बाद भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली भाजपा की आशीर्वाद रैली के लिए हुए रवाना।

इस मौके पर शहर के हृदय स्थल लक्ष्मण मंदिर चैराहे पर भाजपा की ओर से एक जनसभा का भी आयोजन किया गया। जनसभा में लोकसभा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने अपनी झोली फैलाकर एवं दण्डवत नमस्कार कर जनता से भारी मत देकर विजयी बनाने की अपील की। जनसभा के दौरान राजस्थान लोकसभा चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्व, राजसथान सरकार में केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, प्रदेश प्रवक्ता शैलेष सिंह, प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी, विधायक नोक्षम चैधरी, जगत सिंह, जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज सहित जिले के सभी पदाधिकारी एवं मंडल कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस मौके पर राजस्थान लोकसभा चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्व ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान के प्रभारी विनय शहस्त्र बुद्वें ने रैली के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसका उद्वेश्य मॉ भारती वैभव बनाना देश की अक्षुणता को कायम रखना होता है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**गंगापुर सिटी ।** लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग के द्वारा सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के द्वारा स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। भयग्रस्त मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं से संवाद कर निर्भिक होकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम अनूप सिंह ने बताया कि स्वीप गतिविधि के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत भयग्रस्त मतदान केंद्रों ग्राम पंचायत रेंडायल गुर्जर बूथ संख्या 4, ग्राम पंचायत श्यारोली बूथ संख्या 65, ग्राम पंचायत बिदरख्या बूथ संख्या 194, ग्राम पंचायत बूचौलाई बूथ संख्या 214 के मतदाताओं से ब्लॉक स्तरीय स्वीप टीम के सदस्यों ने संवाद किया।

साथ ही टीम के सदस्यों ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि मतदान दिवस के दिन प्रशासन द्वारा सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिससे मतदाता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर भयमुक्त मतदान कर पाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में स्वीप कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की सभी आंगनवाडी कार्यकर्ताओ की बैठक पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई जिसमें सभी को अपने अपने क्षैत्र में मतदाताओ से डोर टू डोर सर्म्पक कर मतदान दिवस के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही लोकतंत्र के इस पर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदाताओं से अपना योगदान देने की अपील की।

इस मौके पर टीम के सदस्यों ने मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कविता अग्रवाल, मीना कुमारी, ममता सहरिया, संदीप कुमार शर्मा, कनिष्ठ सहायक, संबंधित बूथ लेवल अधिकारी और ग्राम पंचायत स्तरीय कार्मिक उपस्थित रहे।

## एमडीएम का निरीक्षण किया

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एडीपीसी समसा अनित कुमार शर्मा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बछामदी (सेवर) में एमडीएम का निरीक्षण किया गया। पोषाहार साफ सफाई के साथ बनाया गया भोजन की क्वालिटी अच्छी थी। मीनू के अनुसार उपस्थित 105 विद्यार्थियों के लिए दाल व रोटी बनाई गई। 105 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के अंतर्गत दुग्ध पिलाया गया। विद्यालय में समस्त प्रकार की व्यवस्थाएं संतोषप्रद पाई गई। भोजन को परोसने से पूर्व अध्यापक वह अभिभावकों द्वारा चखा जाता है। खाद्यान्न का भंडारण व रखरखाव सही है। खाने से पूर्व बच्चे हाथ धोकर भोजन ग्रहण करते हैं खाने के उपरांत भी बच्चों के हाथों को साफ करवाया जाता है विद्यालय में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है।

## चुनाव पर्यवेक्षकों ने किया मीडिया प्रकोष्ठ का निरीक्षण

**करौली ( नि.स. )।** एमसीएमसी, सोशल मीडिया प्रकोष्ठ और शिकायत निवारण एवं वोटर हेल्पलाइन प्रकोष्ठ का पर्यवेक्षको ने निरीक्षण कर जांची कार्य प्रणाली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये

लोकसभा चुनाव में नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक एम हरि जवाहरलाल एवं व्यय पर्यवेक्षक तरूण कुमार ने बुधवार को एमसीएमसी,सोशल मीडिया प्रकोष्ठ और शिकायत निवारण एवं वोटर हेल्पलाइन प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की जा रही निगरानी और शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की कार्य स्थिति से रूबरू होकर कार्य प्रणाली की जांची और सुधार के आवश्यक निर्देश प्रदान किये। पर्यवेक्षकों ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निगरानी कर रहे कार्मिकों से यूट्यूब चैनल,ट्विटर और फेसबुक पर निगरानी के तरीके की जानकारी लेते हुए कहा कि प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के कई मामले आते हैं उन पर विशेष निगरानी रखी जाये व उसकी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित एआरओ को शीघ्र उपलब्ध करवाई जाये। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल की निगरानी के लिए के लिए बने सैल से सवाल तलब कर निगरानी संबंधी आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने शिकायत निवारण और वोटर हेल्पलाइन प्रकोष्ठ में कार्यरत कार्मिकों की कार्य स्थिति से रूबरू हुए और निर्वाचन आयोग की पालना सुनिश्चित करते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

## सर्व समाज के लोगों कि मिटिंग आयोजित हुई

**हिण्डौन सिटी/सूरौठ ।** कस्बे में हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय गणगौर मेले को लेकर बुधवार शाम को ब्राह्मण धर्मशाला में सर्व समाज के लोगों कि मिटिंग आयोजित कि गई ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रामवतार शर्मा, नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि मिटिंग कि अध्यक्षता वयोवृद्ध सेवानिवृत्त अध्यापक ब्रदीं मीना द्वारा कि गई जिसमें मेले को लेकर सभी लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए जिसमें 10 अप्रैल शाम को सीताराम जी मंदिर के सामने भवानी पूजन के द्वारा मेले कि शुरुआत कि जायेगी।

जिसमें कीर्तन, जिंकडी, हैला ख्याल दंगल का अयोजन किया जायेगा इस मौके पर मिटिंग में, पूर्व सरपंच नादान मीना रामखिलाडी सैनी, अमर सिंह मीना धर्मसिंह मीना, विश्राम मीना राजेन्द्र तिवारी, लट्ठे मीना नरेंद्र कौशिक केदार एसडीआई, जाकिर हुसैन, पूर्व उपसरपंच भयसिंह मीना, सम्पत कटारिया खुशवंत मीना, रामचरण, राधेश्याम अवस्थी, कमलेश महावर, दशरथ सिंह बंजारा, हिंद कौशिक, महादेवा जांगिड़, बत्तू मेम्बर, प्रहलाद ठेकेदार, सरदार मीना, वकील मीना हुकम मीना बदी मीना, शिवदयाल शर्मा, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहें।

## 48 दीपकों से भव्य भक्तामर दीप महार्चना का आयोजन किया जायेगा



दिगंबर जैन मंदिर नसियां जी सामूहिक पूजा करते जैन समाज के लोग।

**गंगापुर सिटी।** दिगंबर जैन मंदिर नसियां जी में 48 दिवसीय भक्तामरदीप महार्चना का आयोजन के 48 वें दिन समापन अवसर पर शुक्रवार 29 मार्च को दिगंबर जैन मंदिर नसियां जी प्रांगण में एक साथ 48 मंडलों पर 48-48 दीपकों द्वारा आचार्य मांगतुंग द्वारा रचित संस्कृत में भक्तांबर स्त्रोत के 48 महाकाव्यो पर रिद्धि सिद्धि मंत्रों के साथ में भव्य भक्तांमर दीप महार्चना का आयोजन किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि11 फरवरी से लगातार दिगंबर जैन मंदिर नसिंया जी में युग दृष्टा ब्रह्मांड के देवता संत शिरोमणि दिगंबर जैन आचार्य 108 विद्यासागर जी महाराज को शीघ्र सिद्ध पद प्राप्त हो की कामना के लिए दिगंबर जैन मंदिर नसिंया जी में प्रतिदिन 48 दीपों से रिद्धि सिद्धि मत्रों के साथ भक्तांबर दीप महा अर्चना का आयोजन कर रहे है।

कार्यक्रम के संयोजक के के जैन एवं नरेंद्र जैन नृपत्या ने बताया कि आचार्य मानतुंग द्वारा लिखित भक्तामर स्त्रोत के 48 काव्यो के संस्कृत में उच्चारण के बाद रिद्धि सिद्धि मंत्रों के साथ जिनेंद्र भगवान के समक्ष एक-एक करके श्रद्धालुओं द्वारा 48 दीपक जलाकर संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रति श्रद्धालु अपनी विन्यांजलि दे रहे हैं साथ ही जिनेंद्र भगवान से आचार्य विद्यासागर जी महाराज की आत्मा को जल्दी से जल्दी सिद्धालय में सिद्ध पद प्राप्त हो की कामना के लिये प्रार्थना कर रहे हैं। भक्तामर दीप महार्चना के आयोजन में जैन धर्माबलंबी बढकर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र नृपत्या ने बताया कि भक्तांबर दीप महार्चना के समापन अवसर को अति भव्य बनाने के लिए भक्तामर मंडल के सदस्य विमल जैन गोधा सुमेर जैन सोनी अभिनंदन कुमार पंकज जैन पांड्या देवेंद्र पांड्या प्रवीन जैन गंगवाल सुभाष जैन सोगानी राजेंद्र गंगवाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। कार्यक्रम की संयोजक के के जैन बताया कि शुक्रवार को सांय 5 बजे से वात्सल्य भोजन का आयोजन किया जा रहा है।

सांय 7 बजे जिनेंद्र भगवान की सामुहिक आरती होगी। तत्पश्चात नसियां जी प्रांगण में मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ में बृहद भक्तांमर दीप महार्चना का आयोजन किया जाएगा।

## 'विप्र और कांग्रेस क्या अब अलग राह पर चलेंगे'

**भरतपुर ( निस )।** विधानसभा चुनावों में भरतपुर संभाग की 19 सीटों से विप्र समाज की भागीदारी को खत्म करने के बाद भरतपुर की सभी सीटों पर पराजय का स्वाद चखने वाली कांग्रेस ने सबक नहीं लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध चंसोरिया एडवोकेट ने कहा कि बल्कि लोकसभा चुनावों में पूरे राज्य में विप्र समाज की भागीदारी को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

ऐसे में एक सवाल खड़ा होता है आखिर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा किसके इशारे पर प्रदेश में विप्र समाज विरोधी राजनीति को बढ़ावा दे रहे है और प्रदेश के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की क्या भूमिका पूरे खेल में है। वर्तमान में प्रदेश में भाजपा फिर से 25 सीट की हैट्रिक बनाने के लिए संगठन और सत्ता के संयुक्त ब्राह्मण नेतृत्व के साथ चुनावी मैदान में उतरी है वही कांग्रेस विप्र और मुस्लिम समुदाय के बिना चुनावी मैदान में हैं प्रदेश में सिर्फ विप्र समाज के 1 करोड़ मतदाता ही पूरे प्रदेश में सभी 25 सीटों लोकसभा सीट पर परिणाम को बदलने की ताकत रखते है फिर क्या मतदान से पूर्व ही परिणाम को तय मान लिया जाए या कांग्रेस लोकसभा चुनावों में कुछ सीटों पर टक्कर देने की स्थिति में भी होगी।